*प्रेस नोट जनपद बलिया*
*दिनांक-04.11.2025*

*थाना बैरिया जनपद बलिया पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद पिकअप वाहन में भिन्न भिन्न ब्राण्ड की कुल 270 पेटी में कुल 2350.8 लीटर अवैध शराब बरामद ।*
*बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 16,75,200-/ रू0 *

*श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलिया महोदय श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक श्री कृपा शंकर के सफल पर्यवेक्षण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बैरिया मो0 फहीम कुरैशी एंव प्रभारी निरीक्षक बैरिया श्री विपिन सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बैरिया पुलिस टीम को मिली सफलता।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04.11.2025 को थाना बैरिया पुलिस टीम के उ0नि0 श्री श्याम प्रकाश मिश्र मय हमराह पुलिस टीम के साथ देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति ,वाहन रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर थे कि शोभाछपरा की तरफ से अशोक लीलेन्ड पिकअप तेजी से आता हुआ दिखाई दिया कि टार्च की रोशनी से पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया कि तेज रफ्तार में शंकर नगर की तरफ भागने लगा जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा करते हुए चौकी जयप्रकाश नगर के उ0नि0 श्री मयंक कुमार को जरिये दूरभाष सूचना दिये जिस पर उ0नि0 मयंक कुमार मय हमराह फोर्स के गोबर्धन पर्वत मंदिर के पास सामने से पुलिस टीम द्वारा पिकप को घेर लिया गया पिकप पर बैठा व्यक्ति अपने आपको को पुलिस द्वारा चारो तरफ से घिरा देख पिकप को रोक दिया, पिकअप पर बैठा एक व्यक्ति कूद कर अंधेरे का फायदा ऊठाकर भागने में सफल रहा तथा पिकअप चालक को पिकअप पर ही पकड़ लिया गया, जिससे नाम पता पूछा गया तो अपना नाम चन्दन सिंह यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी ग्राम तपनी पोस्ट जनऊपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया उम्र 32 वर्ष बताया, भागे हुए व्यक्ति का नाम पूछा गया तो विकेश पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम खवासपुर थाना खवासपुर जिला भोजपुर बिहार बताया । पकड़े गये व्यक्ति को नियमानुसार समय 00.10 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तथा वाहन

पिकप को चेक किया गया तो 50 पेटी रायल स्टेज कुल 600 बोतल प्रत्येक बोतल 750 ml कुल 450 लीटर व आफिसर्स च्वाईस फ्रूटी 220 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 अदद कुल 10560 फ्रूटी कुल 1900.8 लीटर सम्पूर्ण शराब कुल 2350.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई, (कुल कीमत लगभग 16,75,200-/), तथा वाहन अशोक लीलेन्ड पिकप UP-60CT- 2794 को धारा 207 MV Act में सीज किया गया।

*पूछताछ विवरणः-*

अभियुक्त चन्दन सिंह यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी ग्राम तपनी पोस्ट जनऊपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया ने पूछताछ में बताया कि वेदांस केडिया बलिया राजधानी रोड जलालपुर बलिया से उक्त शराब को लादकर बिहार ले जाने के लिए अमरजीत सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रहास सिंह निवासी सिताबदीयर थाना बैरिया जनपद बलिया व विक्की सिंह पुत्र अज्ञात पता अज्ञात के द्वारा मंगाया गया था जिसे बिहार प्रान्त में ले जाकर ऊंचे दाम पर बेचकर लाभ को हम लोग बराबर - बराबर आपस में बांट लेते है जिससे हम लोगों का जीवकोपार्जन चलता है।

उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के क्रम में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 433/25 धारा 60(1)/63 आबकारी अधि0 बनाम 1. चन्दन सिंह यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी ग्राम तपनी पोस्ट जनऊपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया, 2.विकेश पुत्र अज्ञात सा0 खवासपुर थाना खवासपुर जनपद भोजपुर बिहार, 3.अमरजीत सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रहास सिंह सा0 सिताबदियर थाना बैरिया जनपद बलिया, 4.विक्की सिंह पुत्र अज्ञात पता अज्ञात, 5.वाहन स्वामी विनोद यादव पुत्र श्याम सुन्दर यादव निवासी ग्राम बाबू की बारी खरहातार थाना गड़वार जनपद बलिया के पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

*पंजीकृत अभियोग-*

1.मु0अ0सं0 433/25 धारा 60(1)/63 आबकारी अधि0 थाना बैरिया जनपद बलिया।

*बरामदगी का विवरण-*

1. 50 पेटी रायल स्टेज कुल 600 बोतल प्रत्येक बोतल 750 ml कुल 450 लीटर
2. आफिसर्स च्वाईस फ्रूटी 220 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 अदद कुल 10560 फ्रूटी कुल 1900.8 लीटर
3. एक अदद वाहन अशोक लीलेन्ड पिकप नं0 UP-60CT- 2794

*गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -*

1. . चन्दन सिंह यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी ग्राम तपनी पोस्ट जनऊपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया

*आपराधिक इतिहास अभियुक्त चन्दन सिंह यादव-*

1.मु0अ0सं0 36/2023 धारा 147, 308, 323, 325, 504, 506 थाना गड़वार जनपद बलिया

*आपराधिक इतिहास अभियुक्त अमरजीत सिंह -*

1.मु0अ0सं0 194/2019 धारा 60 Ex. Act थाना बैरिया जनपद बलिया
2.मु0अ0सं0 179/22 धारा 60(1)/63 Ex. Act थाना बैरिया जनपद बलिया
3.मु0अ0सं0 371/22 धारा 420/468 IPC व 60(1)/72 Ex. Act थाना बैरिया जनपद बलिया
4.मु0अ0सं0 374/22 धारा 323, 504, 506 IPC थाना बैरिया जनपद बलिया
5.मु0अ0सं0 493/24 धारा 115(2), 351(3), 352 बी.एन.एस थाना बैरिया जनपद बलिया
6.मु0अ0सं0 125/25 धारा 60(1), 63, 72 Ex. Act थाना बैरिया जनपद बलिया
7.मु0अ0सं0 196/25 धारा 115(2), 351(3) बी.एन.एस. थाना बैरिया जनपद बलिया
8.मु0अ0सं0 228/25 धारा 115(2), 351(3), 352 बी.एन.एस. थाना बैरिया जनपद बलिया

*बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-*

1.उ0नि0 श्री श्याम प्रकाश मिश्र चौकी चांददीयर थाना बैरिया जनपद बलिया
2.उ0नि0 श्री मयंक कुमार चौकी जयप्रकाश नगर थाना बैरिया जनपद बलिया
3.हे0का0 ओमप्रकाश चौकी जयप्रकाश नगर थाना बैरिया जनपद बलिया
4.का0 विजय कुमार यादव चौकी जयप्रकाश नगर थाना बैरिया जनपद बलिया
5.विनयम विश्वकर्मा चौकी चांददीयर थाना बैरिया जनपद बलिया

*सोशल मीडिया सेल*

*बलिया पुलिस।*

